29 लॉजिस्टिक क्लस्टर्स की तैयारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बनने जा रहे 29 इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर्स के लिए अब मास्टर प्लान बनाने की तैयारी है। इसके जरिए यहां औद्योगिक, व्यवसायिक व संस्थागत गतिविधियों का बेहतर संचालन होगा। इससे औद्योगिक विकास, निवेश व रोजगार में इजाफा होगा। यह इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर्स गंगा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व आगरा एक्सप्रेसवे के किनारे बनेंगे।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा ने तय किया है कि फिलहाल इन क्षेत्रों के विकास के लिए ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की औद्योगिक भवन निर्माण नियमावली लागू होगी। इसी नियमवली के आधार पर भविष्य के लिए मास्टर प्लान तैयार होगा। यह मास्टर प्लान रक्षा गलियारे के छह नोड में भी लागू होगा। मास्टर प्लान के अलावा अलग से लेआउट प्लान भी बनेगा। इससे यूपीडा की नियमावली में शामिल किया जाएगा।